# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 02.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



# महोबा पुलिस



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध स्मैक के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में दिनांक-01.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह व उ0नि0 विकासधर दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त उदयभान तिवारी पुत्र बासुदेव तिवारी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कैमाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा जिसके कब्जे से 16 ग्राम व 31 मिलीग्राम स्मैक व बिक्री के 2100/-रूपये बरामद करते हुए ग्राम बरा थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हुए अवैध स्मैक की बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय में मु0अ0स0 93/25 धारा 8/21 NDPS ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेज गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1.उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
2.उ0नि0 विकासधर दुबे
3.हे0का0 ओमप्रकाश 4.का0 राघवेन्द्र सिंह

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

उदयभान तिवारी पुत्र बासुदेव तिवारी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कैमाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा।

**बरामदगी –**

01 सफेद प्लास्टिक की पन्नी मे 16 ग्राम व 31 मिलीग्राम स्मैक व बिक्री के 2100/ रूपये बरामद।



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 02.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जुमे की नमाज के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह सतर्क, विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर रही पुलिस की तैनाती, नमाज सकुशल हुई सम्पन्न...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आज दिनांक-02.05.2025 दिन शुक्रवार को जनपद में जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। नमाज के समय जनपद के संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी रखी गई व संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई।

प्रमुख मस्जिदों एवं ईदगाहों के आस-पास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। जनपदीय पुलिस टीमें लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहीं और उनके द्वारा संवेदनशील स्थलों में फ्लैग मार्च किया गया।

शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु PAC एवं QRT की टीमों को भी सक्रिय रखा गया। ड्रोन कैमरों के माध्यम से विभिन्न स्थलों की निगरानी रखी गई, जिससे भीड़ पर नियंत्रण एवं संभावित अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा सके।

**जनहित में अपील:-** जनपद पुलिस आम जनमानस से अपील करती है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना या डायल- 112 पर दें।









@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 02.05.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

उत्तर प्रदेश पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच साप्ताहिक शुक्रवार की परेड में सलामी ली गयी। पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा साप्ताहिक अर्दली रुम कर अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देशः-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आज शुक्रवार को पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक परेड की भव्य सलामी ली गई। परेड के निरीक्षण उपरांत उन्होंने समस्त पुलिसकर्मियों की टोलीवार ड्रिल कराते हुए अनुशासन और एकरूपता के महत्व को रेखांकित किया।

मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा स्वयं परेड में सम्मिलित हुए और पुलिसकर्मियों के साथ दौड़ भी लगाई, जिससे सभी में उत्साह का संचार हुआ।

परेड के दौरान विषम परिस्थितियों से निपटने की तैयारी हेतु दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं शस्त्रों के संचालन की जानकारी दी गई तथा बलवाइयों पर की जाने वाली कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। यह अभ्यास पुलिस बल की तत्परता और दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन परिसर का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेशी रजिस्टर की जांच की गई, निर्माणाधीन भवनों एवं पीआरवी वाहनों की स्थिति का जायज़ा लिया गया तथा साफ-सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में रजिस्टर पेशी के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम कर सम्बन्धित कर्मी को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने तथा निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, समस्त थाना प्रभारीगण एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा व्यापक वाहन चेकिंग अभियान व यातायात जागरूकता कार्यक्रम संचालित...।

आज दिनांक- 02.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा जनपद के प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की जांच की गई एवं बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार आदि के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

साथ ही, यातायात नियमों के पालन को लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने बताया कि यह अभियान जनहित में लगातार जारी रहेगा, ताकि जिले में यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

जनपद महोबा पुलिस सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करती है और उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन चालक बनने हेतु प्रेरित करती है।









प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 01.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह मय हमराह हे0कां0 वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 44/2025 धारा 137(2) BNS से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त आशीष पाठक पुत्र शिवप्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा को सुरहा ग्योडी खन्ना रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

आशीष पाठक पुत्र शिवप्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह
2. हे0का0 वीर प्रताप सिंह

